छत्तीसगढ़ शासन

मुख्यमंत्री सचिवालय

मंत्रालय, महानदी भवन

कैपिटल कॉम्प्लेक्स, नया रायपुर-492002

पत्र क्र. 789 मुमंस/2016/एम. 5-27 रायपुर, दिनांक 12 FEB 2016

प्रति,

आयुक्त,
जनसम्पर्क संचालनालय
(समाचार प्रेष प्रकोष्ठ)
छत्तीसगढ, रायपुर

विषयः—**मुख्यमंत्री सहायता कोष छत्तीसगढ़ का वित्तिय वर्ष 2015—16 चार्टड एकाउण्टेंट द्वारा आडिट कर आयकर रिटर्न भरने की निविदा प्रकाशन बाबत्।**

——00———

मुख्यमंत्री सचिवालय, मंत्रालय, नया रायपुर के अंतर्गत मुख्यमंत्री सहायता कोष छत्तीसगढ़ का वित्तिय वर्ष 2015—16 चार्टड एकाउण्टेंट द्वारा आडिट कर आयकर रिटर्न भरने हेतु सेवा प्राप्त करने हेतु निविदा विज्ञप्ति संलग्न कर निवेदन है कि दिनांक 22-02-2016 को प्रदेश स्तरीय दो समाचार पत्रों में प्रकाशित कराने का कष्ट करें । कृपया प्रकाशित निविदा के समाचार पत्रों के अंक की एक—एक प्रति विभाग को उपलब्ध करायें ।

संलग्नः— उपरोक्तानुसार ।

(पी0के0जोशी)
अवर सचिव, मुख्यमंत्री
रायपुर ,दिनांक 12 FEB 2016

पृ क्र./मुमंस/2016/789

प्रतिलिपिः—

1. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, चिप्स/प्रभारी एन.आई.सी. मंत्रालय नया रायपुर की ओर राज्य शासन की वेबसाईट में प्रचार प्रसार हेतु अपलोड कराने का कष्ट करें ।
2. जनसम्पर्क अधिकारी, प्रेष प्रकोष्ठ, मंत्रालय, रायपुर की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।

अवर सचिव, मुख्यमंत्री

एन.आई.सी. छत्तीसगढ़ राज्य इकाई, रायपुर
No. 2585
Date 16/02/16
N.I.C. STATE UNIT, RAIPUR

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

छत्तीसगढ़ शासन
मुख्यमंत्री सचिवालय
मंत्रालय, महानदी भवन
केपिटल कॉम्प्लेक्स, नया रायपुर-492002

रायपुर, दिनांक .....

स.क्र. .....मुमंस/20 /एम. 5-27

निविदा सूचना

रायपुर, दिनांक 12 FEB 2016

क्रमांक/ 789/मु.मं.स./एम.5–27/2016 :– इच्छुक पंजीकृत चार्टर्ड एकाउण्टेंटों तथा अधिकृत सेवा दाताओं से मुख्यमंत्री सहायता कोष, छत्तीसगढ़ का वित्तिय वर्ष 2015–16 का अंकेक्षण करने, आयकर रिटर्न भरने/ रिटर्न में आपत्ति होने पर आपत्ति निराकरण करने हेतु मोहरबंद निविदाऐं आमंत्रित की जाती है निविदा प्रपत्र अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से आवेदन प्रस्तुत कर दिनांक ..... के पूर्व कार्यालयीन दिवस में प्राप्त किये जा सकते है ।

1.निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की प्रारंभिक तिथि :–दिनांक 23-02-2016 समय 11 बजे से

2. निविदा जमा करने की अंतिम तिथि :– दिनांक 05-03-2016 समय 3 बजे तक

3. निविदा खोलन की तिथि :– दिनांक 8-03-2016 समय 4 बजे तक

(पी.के. जोशी)
अवर सचिव, मुख्यमंत्री
दूरभाष क0 2510105
फैक्स नं. 2510831

——::निविदा कार्य एवं शर्तों का विवरण ::——

1. मुख्यमंत्री सहायता कोष, छत्तीसगढ़ को आयकर अधिनियम 1961 के नियम धारा 10 (23c) (iv) के अंतर्गत आय पर आयकर से छूट प्रदान की गई है जिसके अंतर्गत प्रतिवर्ष खाते का आडिट कराकर नियमानुसार आयकर रिटर्न दाखिल करना होता है जिसमें निम्नलिखित कार्य शामिल रहते हैं :–

कार्यों का विवरण

I. मुख्यमंत्री सहायता कोष की संबंधित वर्ष की आडिटेड रिर्पोट तैयार करना ।

II. आयकर रिटर्न तैयार करना एवं रिटर्न आयकर विभाग को आनलाईन अपलोड करना तथा स्पीड पोस्ट द्वारा प्रेषित करना ।

III. आयकर विभाग द्वारा रिटर्न में यदि कोई आपत्ति लगाई जाती है, तो उसका रेक्टीफिकेशन करना । यदि आयकर विभाग से कोई नोटिस प्राप्त होता है तो नोटिस का जवाब तैयार कर आयकर विभाग में प्रस्तुत करना ।

IV. संबंधित वित्तीय वर्ष के लिये आयकर से छूट संबंधी अनुमोदन प्राप्त करने हेतु समस्त अनुषांगिक कार्यवाही करना ।

2. मुख्यमंत्री सहायता कोष का वित्तिय वर्ष 2015–16 से संबंधित निम्नलिखित कार्यवाही संपादित करने के लिये मुख्यमंत्री सचिवालय को चाटर्ड एकाउन्टेड की सेवाओं की आवश्यकता है जिन्हे प्रथमतः एक वर्ष के लिये अनुबंधित किया जायेगा । कार्य संतोषप्रद पाये जाने पर कार्य अवधि में आगे वृद्धि की जा सकेगी ।

3 कार्य संतोषप्रद रूप से पूर्ण होने (आयकर रिटर्न दाखिल कर रिटर्न आयकर द्वारा मान्य किये जाने) के उपरान्त ही राशि का भुगतान किया जायेगा ।

4 कार्य संतोषप्रद न पाये जाने की स्थिति में एक माह का नोटिस देकर अनुबंध समाप्त किया जा सकेगा ।

5 मुख्यमंत्री सहायता कोष का कार्यालय मुख्यमंत्री सचिवालय में पॉचवीं मंजिल कक्ष कं. एम 5 –27 मंत्रालय, महानदी भवन, केपिटल कॉम्पलेक्स, नया रायपुर में स्थित है । अनुबंधित किये गये चाटर्ड एकाउन्टेड को खाते का आडिट करने व रिटर्न आदि तैयार करने एवं उससे संबंधित कार्य के लिये मंत्रालय, नया रायपुर आना होगा ।

6 मुख्यमंत्री सहायता कोष के उपरोक्त कार्य करने के इच्छुक चार्टड एकाउण्टेंट उक्त कार्य हेतु कुल शुल्क की वार्षिक राशि सहित प्रस्ताव अधोहस्ताक्षरकर्ता को सील्ड कव्हर में दिनांक .....तक स्पीड पोस्ट द्वारा अथवा समक्ष में उपलब्ध कराने का कष्ट करें । इस विषय में यदि आप कोई और जानकारी प्राप्त करना चाहते है, तो अधोहस्ताक्षरकर्ता से दूरभाष कमांक 0771–2510794 पर कार्यालय दिवस/समय में संपर्क कर सकते है। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त प्रस्तावों पर विचार नहीं किया जावेगा ।

(पी.के. जोशी)
अवर सचिव, मुख्यमंत्री
दूरभाष क0 2510794
फैक्स नं. 2510831